भारत सरकार

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 3205

उत्तर देने की तारीख : 19.03.2025

बौद्ध धर्म और जैन धर्म के मूल्यों को बढ़ावा देना

3205. श्री दिनेश चंद्र यादव:

श्री गिरिधारी यादव:

श्री कौशलेन्द्र कुमार:

क्या **अल्पसंख्यक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार देशभर में बौद्ध धर्म और जैन धर्म के मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए कोई कार्यक्रम संचालित कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इस पर स्थानवार कितनी धनराशि व्यय की जा रही है;

(ग) क्या सरकार का बिहार के नालंदा जिले के बोधगया और राजगीर में उक्त कार्यक्रम संचालित करने का विचार है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री

(श्री किरेन रिजिजू)

(क) और (ख): जैन धर्म और बौद्ध धर्म के मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार द्वारा विभिन्न पहलें की जा रही हैं, जो इस प्रकार हैं:

I. बौद्ध धर्म को बढ़ावा देने की पहल:

- मार्च, 2024 के महीने में, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम और संघ राज्य क्षेत्र लद्दाख में प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम (पीएमजेवीके) के तत्वावधान में बौद्ध विकास योजना के तहत कुल अनुमानित लागत 225.00 करोड़ रुपये के साथ 38 परियोजनाओं की आधारशिला रखी। परियोजनाओं का उद्देश्य बौद्ध धर्म और पारंपरिक धार्मिक शिक्षा के धर्मनिरपेक्षीकरण को बढ़ावा देना है। कुल अनुमानित राशि में से, केंद्रीय बौद्ध अध्ययन संस्थान (CIBS), लेह, संघ राज्य क्षेत्र लद्दाख को स्कूल भवनों, पारंपरिक पाठ्यक्रमों के लिए एक नया शैक्षणिक भवन और स्मारिका दुकानों के निर्माण के लिए 85.00 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। लेह और कारगिल के लिए प्रशिक्षण-सह-परीक्षा केंद्रों के निर्माण के लिए 14.50 करोड़ रुपये

निर्धारित किए गए हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय में बौद्ध अध्ययन में उन्नत अध्ययन केंद्र को सुदृढ़ करने, शैक्षणिक सहयोग, अनुसंधान, भाषा संरक्षण और बौद्ध आबादी के कौशल उन्नयन को बढ़ावा देने के लिए 30.00 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। केंद्रीय हिमालयी संस्कृति अध्ययन संस्थान (CIHCS) के लिए 40.00 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

- इसके अलावा, सरकार ने स्वदेश दर्शन योजना के बौद्ध सर्किट के तहत 361.97 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मंजूरी दी थी। पर्यटन मंत्रालय इन सर्किटों के विकास के लिए राज्य सरकार और संघ राज्य क्षेत्र को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।
- भारत सरकार ने 04.10.2024 को "पाली" को एक शास्त्रीय भाषा घोषित किया है, जो बौद्ध समुदाय और भारत की सांस्कृतिक विरासत के लिए काफी हितकर हैं। थेरवाद बौद्ध धर्म की पवित्र भाषा पाली, बुद्ध के उपदेशों की भाषा है। इस घोषणा से शैक्षणिक संस्थानों में पाली के अध्ययन को बढ़ावा मिलेगा, बौद्ध परंपराओं की अधिक समझ और संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा।

II. जैन धर्म को बढ़ावा देने की पहल:-

- केंद्र सरकार ने वर्ष 2014 में जैन धर्म को अल्पसंख्यक धर्म का दर्जा दिया और जिससे उन्हें अन्य अल्पसंख्यकों के बराबर अधिकार प्राप्त हुए।
- 21.04.2024 को 2550वें भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव के उपलक्ष्य में कार्यक्रम नई दिल्ली में आयोजित किया गया।
- अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने पीएमजेवीके योजना के तहत जैन विरासत के संरक्षण और संवर्धन के लिए, क्षेत्र में अंतरविषयक शोध को बढ़ावा देने के लिए देवी अहिल्या विश्व विद्यालय (डीएवीवी), इंदौर परिसर में जैन अध्ययन केंद्र की स्थापना के लिए परियोजना को मंजूरी दी। जैन संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए, जिसमें अन्य गतिविधियों के अलावा जैन पांडुलिपियों का डिजिटलीकरण, जैन परंपराओं और रीति-रिवाजों के बारे में व्यापक ज्ञान साझा करना, जैन साहित्य पर अंतरविषयक शोध को बढ़ावा देना, पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण के माध्यम से भाषा को संरक्षित करना और हब के माध्यम से सामुदायिक आउटरीच शामिल हैं, परियोजना की कुल अनुमानित लागत 25 करोड़ रुपये है।
- जैन आगम जैनियों के लिए पवित्र पुस्तकें हैं। वे मूल रूप से प्राकृत भाषा में हैं जिसे तीर्थंकरों की भाषा माना जाता है। केंद्र सरकार ने 04.10.2024 को प्राकृत भाषा को भारत की शास्त्रीय भाषाओं में से एक के रूप में मान्यता दी है।

इसके अलावा, चार स्वायत्त संगठन भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन कार्य कर रहे हैं:

i. केंद्रीय बौद्ध अध्ययन संस्थान, लेह (समवत विश्वविद्यालय)

ii. नव नालंदा महाविहार, नालंदा, बिहार (समवत विश्वविद्यालय)

iii. केंद्रीय उच्च तिब्बती अध्ययन संस्थान (CIHTS), सारनाथ (समवत विश्वविद्यालय)

iv. केंद्रीय हिमालयीय संस्कृति शिक्षण संस्थान (CIHCS), दाहुंग, अरुणाचल प्रदेश

संस्कृति मंत्रालय बौद्ध/तिब्बती संस्कृति और कला को बढ़ावा देने के लिए निम्नलिखित छह अनुदान प्राप्त निकायों के संवर्धन और रखरखाव के लिए वार्षिक अनुदान सहायता भी प्रदान करता है:

i. तिब्बती कार्य और अभिलेखागार का पुस्तकालय, धर्मशाला

ii. तिब्बत हाउस, नई दिल्ली

iii. बौद्ध सांस्कृतिक अध्ययन केंद्र, तवांग मठ, अरुणाचल प्रदेश

iv. नामग्याल तिब्बत विज्ञान संस्थान, सिक्किम

v. अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ, दिल्ली

vi. जीआरएल मठ विद्यालय, बोमडिला, अरुणाचल प्रदेश

इसके अलावा, संस्कृति मंत्रालय द्वारा बौद्ध/तिब्बती संस्कृति और परंपरा के प्रचार-प्रसार और वैज्ञानिक विकास के साथ-साथ हिमालय की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए दो वित्तीय अनुदान योजनाएं भी क्रियान्वित की जा रही हैं:

i. **बौद्ध/तिब्बती संस्कृति और कला के विकास के लिए वित्तीय सहायता की योजना:** इस योजना के तहत, देश में कहीं भी स्थित बौद्ध/तिब्बती संस्कृति और परंपरा के प्रचार-प्रसार और वैज्ञानिक विकास में लगे मठों और गैर सरकारी संगठनों सहित बौद्ध/तिब्बती संगठनों को वित्तीय सहायता दी जाती है। योजना के तहत विभिन्न राज्यों को दी जाने वाली धनराशि का विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है।

ii. **हिमालय की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और विकास के लिए वित्तीय सहायता की योजना:** इस योजना का उद्देश्य अनुसंधान, दस्तावेज़ीकरण और प्रसार के माध्यम से जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश सहित हिमालयी क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देना, सुरक्षा करना और संरक्षित करना है। इस उद्देश्य के लिए कार्य करने वाली संस्थाओं और स्वैच्छिक संगठनों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। योजना के अंतर्गत विभिन्न राज्यों को दी जाने वाली धनराशि का विवरण **अनुबंध-II** में दिया गया है।

(ग) और (घ): प्रश्न नहीं उठता।

*****

अनुबंध-I

'बौद्ध धर्म और जैन धर्म के मूल्यों के संवर्धन' के संबंध में श्री दिनेश चंद्र यादव, श्री गिरिधारी यादव और श्री कौशलेंद्र कुमार द्वारा दिनांक 19.03.2025 को उत्तर दिए जाने हेतु पूछे गए लोक सभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 3205 के संबंध में अनुबंध

(राशि लाख रुपये में)

क्र. सं.	राज्य	2021-22		2022-23		2023-24		2024-25 (आज की तिथि के अनुसार)	
		संगठनों की संख्या	राशि	संगठनों की संख्या	राशि	संगठनों की संख्या	राशि	संगठनों की संख्या	राशि
1	अरुणाचल प्रदेश	46	394.06	57	518.19	50	392.31	60	416.33
2	आंध्र प्रदेश	7	5.45	2	8	10	9.18	2	7.00
3	असम	7	22.49	9	30	15	72.00	6	24.36
4	बिहार	2	7.5	2	8.5	2	8.50	2	10.48
5	चंडीगढ़ (संघ राज्य क्षेत्र)	10	69.5	7	49.5	4	40.00	13	102.16
6	राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली	4	31.76	6	44.47	2	9.45	7	44.27
7	हिमाचल प्रदेश	81	375.52	78	550.97	31	167.63	37	242.99
8	जम्मू एवं कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र	1	7.5	6	23.5	4	20.00	4	28.50
9	संघ राज्य क्षेत्र लद्दाख	89	523.06	45	319.62	44	246.42	6	26.94
10	कर्नाटक	38	212.59	33	272.8	11	62.78	20	149.98
11	केरल	0	0	1	13.5	0	0		
12	मिजोरम	0	0	0	0	0	0		
13	मध्य प्रदेश	0	0	5	29	4	30.00	1	5.00
14	महाराष्ट्र	3	15	11	38.25	14	41.00	4	13.24
15	मणिपुर	0	0	2	5.5	3	9.50	1	3.00
16	उड़ीसा	0	0	1	5	2	12.00	2	11.00
17	पंजाब	0	0	2	8.5	2	10.00		

18	सिक्किम	2	37.5	0	0	12	89.93	2	24.70
19	त्रिपुरा	10	82.91	7	37.5	7	41.5	17	97.20
20	तमिलनाडु	1	5	0	0	2	10.00		
21	तेलंगाना	0	0	2	22.5	3	30.00		
22	उत्तराखंड	34	310.8	26	252.42	5	35.50	25	253.72
23	उत्तर प्रदेश	19	110.31	27	195.28	11	44.15	16	120.11
24	पश्चिम बंगाल	12	40.22	72	168	92	175.51	19	30.98
कुल		**366**	**2251.17**	**401**	**2601.00**	**330**	**1557.36**	**244**	**1611.96**

अनुबंध्र-II

'बौद्ध धर्म और जैन धर्म के मूल्यों के संवर्धन' के संबंध में श्री दिनेश चंद्र यादव, श्री गिरिधारी यादव और श्री कौशलेंद्र कुमार द्वारा दिनांक 19.03.2025 को उत्तर दिए जाने हेतु पूछे गए लोक सभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 3205 के संबंध में अनुबंध

(राशि लाख रुपये में)

क्र. सं.	राज्य	2021-22		2022-23		2023-24		2024-25	
		मामलों की संख्या	जारी की गई राशि	मामलों की संख्या	जारी की गई राशि	मामलों की संख्या	जारी की गई राशि	मामलों की संख्या	जारी की गई राशि
1.	अरुणाचल प्रदेश	32	103.50	41	117.95	32	77.00	5	13.56
2.	सिक्किम	6	16.50	4	10.00	3	11.00		
3.	हिमाचल प्रदेश	37	90.25	42	98.52	40	97.50	2	5.99
4.	जम्मू और कश्मीर	43	73.25	69	117.02	24	37.52		
5.	लद्दाख	6	18.00	11	34.00	2	5.50		
6.	उत्तराखंड	79.00	171.97	58.00	91.24	48.00	64.00	2	3.50
7.	दिल्ली	-	-	-	-	-	-	1	1.75
	कुल	**203**	**473.47**	**225**	**468.73**	**149**	**292.52**	**10**	**24.80**

*****